**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1583**

**13 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बेघर लोगों के लिए आवास**

**†1583. श्री सुखदेव भगतः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(**क) क्या यह सच है कि वार्षिक बेघर आकलन रिपोर्ट**,** 2024 से ज्ञात हुआ है कि जनवरी 2024 में की गई विशिष्ट गणना के दौरान 7,70,000 से अधिक लोग बेघर थे**,** जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है**;**

**(**ख) यदि हां**,** तो पिछले दशक में सरकार के प्रयासों के बावजूद बेघरों की स्थिति में भारी वृद्धि के क्या कारण हैं**;** और

**(**ग) सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान और बेघर लोगों की संख्या कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): रिपोर्ट तथा प्रश्न में उल्लिखित डेटा संयुक्त राज्य अमेरिका से संबंधित है। उक्त रिपोर्ट का भारत से कोई संबंध नहीं है।

*****